उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ–अनुसंधान संस्थान, मथुरा में दिनांक 30–10–2023 से दिनांक 31–10–2023 तक राष्ट्रीय कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान प्रणाली के विषय पर द्विदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) ए0के0 श्रीवास्तव के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित 86 छात्रों एवं 25 शिक्षकों को ब्लेंडेड लर्निंग (मिश्रित शिक्षा प्रणाली) प्लेटफॉर्म के विषय पर बताया कि मिश्रित शिक्षा प्रणाली एक औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम है जिसमें विद्यार्थी पाठ्यक्रम का एक भाग कक्षा में और दूसरा भाग डिजिटल एवं ऑन–लाइन संसाधनों के माध्यम से पूरा करता है। मिश्रित शिक्षा प्रणाली से छात्र–छात्राओं में गुणात्मक सुधार की संभावना अधिक रहती है। मुख्य वक्ता प्रधान वैज्ञानिक आई.सी.ए.आर.–आई.ए.एस.आर.आई. डा0 अल्का अरोरा ने बताया कि इस शिक्षा को छः प्रकार में बांटा गया है, जिसमें रुबरु संचालन, नियमित आवर्तन फ्लैक्स, प्रयोगशाला, स्वतः ब्लेंड और ऑन–लाइन संचालन का समावेश है एवं इस कार्यक्रम में आई.सी.ए.आर.–आई.ए.एस.आर.आई. की ओर से श्री आदर्श एवं श्री उत्कष के द्वारा उपस्थित छात्र एवं शिक्षकों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया। इस कार्यक्रम क समन्वयक डा0 अविनाश कुमार, सहायक आचार्य, पशुपोषण विभाग तथा संचालन डा0 अम्बिका शर्मा, सहायक आचार्य, जीव रसायन विज्ञान विभाग ने किया। इस दौरान पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 (डा0) पी0के0 शुक्ला एवं मुख्य अन्वेषक नाहेप–आई.डी.पी. प्रो0 (डा0) अतुल सक्सैना के साथ विश्वविद्यालय के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।